कार्यालय : कार्यालय : 9919803788

हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खलीलाबाद-272 175, संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश)
ई-मेल : hrpgcollage@gmail.com वेबसाईट : www.hrpg.edu.in
Accredited 'B' by NAAC (U.G.C.)
College with potential for Excellence Awarded by U.G.C.

पत्रांकः–ही0रा0पी0जी0 / 2026–26 दिनांक 29.10.2026

रोजगार मेला (Job Fair) के आयोजन के संबंध में आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, संत कबीर नगर एवं हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 03 नवम्बर, 2026 (मंगलवार) को प्रातः 10:30 बजे से महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती हॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

अतः महाविद्यालय के रोजगार के इच्छुक समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना संक्षिप्त बायोडाटा (Resume) तैयार कराकर निर्धारित तिथि एवं समय पर रोजगार मेले में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा इस अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

विशेष अपीलः अपने भविष्य को नई दिशा देने एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही० रा० स्ना० महा०, खलीलाबाद
संत कबीर नगर

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सम्पादक महोदय, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के अंक में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2–कला / वाणिज्य / विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना सोसल मीडिया के माध्यम से छात्र / छात्राओं में प्रसारित करने का कष्ट करें।

3–पूछताक्ष काउण्टर, ही०रा०पी०जी० कालेज, खलीलाबाद, संतकबीर नगर ।

4– कार्यालय अधीक्षक, एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद, संतकबीरनगर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट www.hrpg.edu.in ,फ़ेसबुक पेज Hira Lal Ram Niwas PG Collage, इंस्टाग्राम पेज hrpg.college एवु महाविद्यालय के वाट्सप चैनल H. R. P. G. COLLEGE पर अपलोड एवं सूचना वोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही० रा० स्ना० महा०, खलीलाबाद
संत कबीर नगर